PIIL/SEC/BSE:NSE/53:2025-26
October 09, 2025

| | |
|---|---|
| BSE Limited<br>Corporate Relationship Department<br>PJ Towers, 25th Floor,<br>Dalal Street, Mumbai – 400 001<br><br>**Code No.: 523642** | National Stock Exchange of India Limited<br>Exchange Plaza, Plot No.C/1, G-Block<br>Bandra Kurla Complex,<br>Bandra (East), Mumbai – 400 051<br><br>**Code No.: PIIND** |

Dear Sir/Madam,

**Sub: Newspaper Advertisement - Special Window for re-lodgement of transfer requests of physical shares**

Pursuant to Regulation 30 read with Part A of Schedule III and Regulation 47 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, please find enclosed herewith the copies of the newspaper advertisement published in the following newspapers with respect to opening of special window for re-lodgement of transfer requests of physical shares:

- **Financial Express** (National daily newspaper - All India English Edition) on October 09, 2025

- **Pratahkal** (Daily newspaper- Hindi Edition), Udaipur on October 09, 2025

This is for your information and record.

Thanking you,

**Yours faithfully,**
For **PI Industries Limited**

SHRUTI RATNAKAR JOSHI
Digitally signed by SHRUTI RATNAKAR JOSHI
Date: 2025.10.09 16:49:53 +05'30'

**Shruti Joshi**
**Company Secretary and Compliance Officer**

Encl: As above

## सार समाचार

### भैरूजी मंदिर में मूर्ति खंडित करने की कोशिश, भक्तों में आक्रोश, पूजा का सामान मिला बिखरा



**उदयपुर. नगर संवाददाता |** शहर के देहलीगेट के पास स्थित एक भैरूजी स्थानक पर कुछ असामाजिक तत्वों ने रात को भैरूजी की मूर्ति खंडित करने के प्रयास का किया है। मूर्ति का चेहरा मंगलवार रात को खंडित किया गया। बुधवार सुबह जब भक्त पूजा करने के लिए पहुंचे, तब खंडित मूर्ति देखी। इस पर अन्य भक्तों को बताया, जिस पर मौके पर काफी संख्या में भक्त एकत्रित हो गए। मौके पर पूजा का सामान बिखरा हुआ था। सूचना पर भूपालपुरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने खंडित मूर्ति को कपड़े ढंकवाया गया। पुजारी और भक्तों की मदद से साफ-सफाई करवाकर भैरूजी की आंगी रखवाई। मौके पर पहुँची भुपालपुरा थाना पुलिस स्थिति का जायजा लिया। थानाधिकारी आदर्श कुमार ने बताया कि भैरूजी की मूर्ति के चेहरे का कुछ हिस्सा सुबह खंडित मिला। ये हरकत किसी ने जानबूझकर की है या फिर किसी जानवर से हुई है। ये पता लगाने के लिए आसपास सीसीटीवी फुटेज चेक किए जा रहे हैं।

### 4 किलो गांजे व 2 चाकू सहित 2 आरोपी गिरफ्तार



**उदयपुर. नगर संवाददाता |** शहर की अंबामाता थाना पुलिस और स्पेशल टीम ने अवैध रूप से परिवहन करते हुए 4 किलो गांजे और दो चाकू के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। स्पेशल टीम प्रभारी श्याम सिंह रत्नू और अंबामाता थानाधिकारी मुकेश सोनी ने बताया कि सूचना मिली कि दो युवक अवैध रूप से मादक पदार्थ लेकर घूम रहे है। इस सूचना पर थानाधिकारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने दबिश देकर निर्भय सिंह पुत्र राकेश सिंह और अभय सिंह पुत्र राकेश सिंह निवासी ओटीसी स्कीम सज्जन नगर अंबामाता हाल किराएदार शनी महाराज की गली 80 फीट रोड सज्जननगर के कब्जे से 4.088 किलोग्राम अवैध गांजा, 2 धारदार चाकू, 2 मोबाइल व गांजे के हिसाब किताब की डायरी को जब्त किया गया। आरोपी निर्भय सिंह व अभय सिंह ने पूछताछ में यह मादक पदार्थ गांजा कोटडा निवासी मुस्तकीम से खरीदकर लाना बताया व शहर में छोटे-छोटे पैकेट बनाकर बेचना बताया। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

### बैंक का एटीएम तोड़कर और बैंक में घुसकर चोरी करने में एक गिरफ्तार

**उदयपुर. नगर संवाददाता |** शहर की सविना थाना पुलिस ने एक बैंक के एटीएम को तोड़कर और बैंक शाखा के अंदर घुसकर चोरी करने के प्रयास में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार पंजाब एण्ड सिंध बैंक सेक्टर 14 के शाखा प्रबंधक कुलदपी गर्दा पुत्र बुद्धराम गर्दा निवासी सिरियासर कलां झुंझुनू ने 15 अगस्त को मामला दर्ज करवाया कि 15 अगस्त की रात्रि को बैंक भवन के मालिक प्रकाश चन्द्र शर्मा ने फोन करके बताया कि बैंक का ताला टूटा हुआ है, जिस पर वह बैंक में आया और देखा तो बैंक के बाहर बैंक का ही एटीएम का ताला टूटा हुआ था। चोरों ने एटीएम तोड़कर पैसा निकालने का प्रयास किया था। बैंक के शटर को खोलकर अंदर जाकर देखा तो बैंक के कागजात बिखरे हुए थे। बैंक के स्ट्राग रुम को खोलकर देखा तो अन्दर रखी हुई नकदी और अन्य सामान सुरक्षित था। सीसीटीवी कैमरे की डीवीआर गायब थी। इस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर इस प्रकरण में जांच करते हुए राजेश मीणा पुत्र लक्ष्मण मीणा निवासी शिव मंदिर के पास मंगरी वाला घर रोशनजी की बाडी सवीना को गिरफ्तार किया है, जिससे पूछताछ की जा रही है।

### रास्ते जाते युवक से मारपीट

**उदयपुर. नगर संवाददाता |** शहर के हिरणमंगरी थाना क्षेत्र में एक युवक ने एक के खिलाफ ऑफिस जाते समय मारपीट कर घायल करने का मामला दर्ज करवाया है। पुलिस के अनुसार भुपेन्द्र सिंह पुत्र हरविन्दर सिंह सिख निवासी आजाद नगर सेक्टर 3 ने मामला दर्ज करवाया कि 4 अक्टूबर को अपने घर से ऑफिस अपनी स्कूटी से जा रहा था कि 7 बजे पर कनक हॉस्पीटल के पास पहुंचा कि कनक हॉस्पीटल के पास पहले से मौजूद जितेन्द्र पुत्र रामलाल मेघवाल निवासी आजाद नगर सेक्टर 3 ने उसे रोक कर गाली गलौच करते हुए उसके साथ मारपीट करने लगा। मारपीट से उसकी बाई आंख पर कड़े से मारा व सिर पर भी हाथ में पहने कडे से कई वार किए, जिससे उसके सिर में घाव हो गए। वहां मौजूद लोग उसे उपचार के लिए हॉस्पीटल ले कर गए, जहां पर उपचार करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सायरा में चार मंदिरों के ताले तोड़कर चोरी की मूर्तियां और नकदी

**उदयपुर. नगर संवाददाता |** जिले के सायरा थाना क्षेत्र के नांदेशमा गांव में मंगलवार रात चोरों ने जमकर उत्पात मचाया। चोरों ने गांव के चार मंदिरों के ताले तोड़कर मूर्तियां, नगदी और चोरी कर लिया। इस वारदात से गांव में सनसनी फैल गई और ग्रामीणों में गहरा आक्रोश है। जानकारी के अनुसार चोरों ने दो अंबामाता मंदिर, एक जैन मंदिर और ठाकुर जी मंदिर को निशाना बनाया। जहां ठाकुर जी मंदिर से चोर बाल गोपाल की मूर्ति और अन्य सामान चुरा ले गए। इसी तरह जैनियों के केसरिया पारसनाथ भगवान मंदिर से गुल्लक तोड़कर नगदी पार कर ली गई। वही अंबामाता मंदिरों में भी चोरों ने गुल्लक तोड़कर नगदी पर हाथ साफ किया, जबकि मुख्य बाजार स्थित अंबामाता मंदिर से चांदी की मूर्ति और नगदी चोरी की गई। इन वारदातों से आक्रोशित ग्रामीणों ने घटना की पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस का जाब्ता मौके पर पहुंचा और मंदिरों के पुजारियों की रिपोर्ट दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू कर दिए। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि चोरों को जल्द गिरफ्तार किया जाए और क्षेत्र में रात्रि गश्त बढ़ाई जाए।

**घर से बाहर से कार चोरी :** शहर के प्रतापनगर थाना क्षेत्र में जिंक चौराया देबारी निवासी रविन्द्रसिंह पुत्र धनसिंह झाला ने अज्ञात चोर के खिलाफ 22 सितंबर को मकान के बाहर से कार चुरा ले जाने का प्रकरण दर्ज करवाया है।

### मजदूरी पर जा रहे युवक के साथ मारपीट

**उदयपुर. नगर संवाददाता |** जिले के बाघपुरा थाना क्षेत्र में एक युवक ने तीन युवकों के खिलाफ मजदूरी पर जाते समय उसे रोककर मारपीट करने का मामला दर्ज करवाया है। पुलिस के अनुसार मोहनलाल पुत्र वैशाजी भुदरा निवासी माकडादेव बाघपुरा ने मामला दर्ज करवाय कि 7 अक्टूबर सुबह 7 बजे वह उदयपुर मजदूरी करने जा रहा था। माकडादेव स्कूल के पास पहुंचा जहां पर संतोष पुत्र प्रताप, आलेना पुत्र प्रताप व उनके साथ एक और था। तीनो ने उसे रास्ते जाते रोककर लट्ठ से मारपीट की। मारपीट के दौरान उसका मोबाईल व पर्स कही गिर गया। तीनो ने बिना वजह से मारपीट की, जिससे उसके शरीर पर चोटे आई व खून निकला।

### मित्र को छोड़ने गए युवक पर किया जानलेवा हमला

**उदयपुर. नगर संवाददाता |** शहर के भुपालपुरा थाना क्षेत्र में एक युवक ने मित्र को छोड़कर आते समय कुछ युवकों ने मारपीट कर नुकीली वस्तु हमला कर घायल करने का मामला दर्ज करवाया है। पुलिस के अनुसार मो. सिदिक पुत्र मो. हुसैन निवासी दक्षिणी आयड़ ने मामला दर्ज करवाया कि वह 6 अक्टूबर को रात्रि 9 बजे अपने मित्र मोहम्मद ईलियास को अपने दुपहिया से छोडने के लिए विज्जु चौक कलालवाडी आयड गया। ईलियास को छोड़कर उसने जैसे ही अपनी गाड़ी को घुमाया तभी जान से मारने की नीयत से मो. सौहेल पुत्र शाबिर उर्फ बाबू, मो. अयान पुत्र मो. हुमैन, मो. अल्फेज पुत्र मो. ईस्माइल, मो. दानिश पुत्र मो. ईशाक व 3-4 अन्यश आरोपियों ने उसे रोका व उस पर लोहे के पाइप, लठ्ठ व नुकीली चीज से हमला कर दिया, जिससे उसके बाएं हाथ, सिर एवं पैर पर चोट लगी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## नगर निगम का दशहरा-दीपावली मेला आज से, पहली बार प्रशासन के हाथों में आयोजन

# नहीं होगा कवि सम्मेलन, पहली बार होगी महाआरती

### 11 व 12 अक्टूबर स्थानीय प्रतिभा और इसके बाद में 4 दिवसीय रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे, 15 को लखबीर सिंह लक्खा की भक्ति वंदना





फोटो : ऋषभ जैन

**उदयपुर. नगर संवाददाता |** नगर निगम के दशहरा-दीपावली मेले में इस बार कवि सम्मेलन का आयोजन नहीं किया जाएगा, इसके स्थान पर महाआरती का आयोजन किया जाएगा, जिसमें उज्जैन से कलाकार बुलाएं जाएंगे। निगम में किसी भी राजनीतिक दल का बोर्ड नहीं होने से इस बार का मेला आयोजन निगम प्रशासन द्वारा किया जा रहा है और कलाकारों के संबंधित सारे निर्णय निगम प्रशासन द्वारा ही किए जा रहे है। मेले की औपचारिक शुरूआत गुरूवार से की जारही है।

नगर निगम आयुक्त अभिषेक खन्ना ने बताया कि दीपावली मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम 11 अक्टूम्बर से 16 अक्टूबर तक होंगे। पर मेले की शुरूआत 9 अक्टूंबर से होकर मेला 23 अक्टूंबर तक चलेगा। सांस्कृतिक संध्या के शुरूआती 2 दिन 11 व 12 अक्टूबर 25 को स्थानीय प्रतिभा के लिए मंच उपलब्ध रहेगा। 13 अक्टूंबर को स्वर और विरासत कार्यक्रम के तहत इंडियन ऑडिशन बेंड एवं मांगणियार चिल्ड्रन ग्रुप विरासत संस्था द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। 14 अक्टूम्बर को हिंदुस्तान के प्रसिद्ध कलाकार द्वारा रंग, रोशनी व राग कार्यक्रम के तहत सचेत टंडन, परम्परा ठाकुर अपनी प्रस्तुति देंगे। 15 अक्टूंबर को भक्ति वंदना के तहत लखबीर सिंह लक्खा एवं स्वाति मिश्रा अपनी प्रस्तुति देंगे। 16 अक्टूम्बर को इस वर्ष दीपावली मेले में पहली बार महाआरती का आयोजन रखा गया है जो शहरवासियों के लिये नया अनुभव होगा। आयुक्त खन्ना ने बताया कि मेले में दुकाने व झूले लगाने से 1 करोड़ 86 लाख रूपये की आय हुई है। सांस्कृतिक संध्याओं के लिए विशाल मंच तैयार किया जा रहा है। प्रेस दीर्घा, वीआईपी दीर्घा, दर्शक दीर्घा व इलेक्ट्रोनिक मीडिया के कवरेज के लिए मचान भी बनाया है। बेरीकेट्स पर जालियां लगाई गई है, जिससे सुरक्षा में कोई खलल उत्पन्न नहीं हो। उन्होंने बताया कि दुकानों को इस तरह लगवाया है कि जिसमे जनता को किसी भी दुविधा का सामना नहीं करना पड़े।

आयोजन स्थल पर पृथक से नित्य प्रतिदिन सफाई हो सके इसके लिए अलग से सफाई टीमे लगाई गई है तथा जगह जगह कचरा पात्र रखे है। आपातकालीन स्थिति के लिए फायर बिग्रेड के निकलने के लिए स्वागत द्वारो का विशेष ध्यान रखा गया है, उन्हें ऊंचा बनाया गया है। निगम में जगह जगह प्रोजेक्टर लगाए जाएंगे, जिन पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का सीधा प्रसारण किया जाएगा और साथ ही सीसीटीवी कैमरों से आयोजन पर नजर रखी जाएगी। सांस्कृतिक संध्याओ के लिए तैयार किए गए मंच पर प्रतिदिन कार्यक्रम अनुरूप डेकोरेशन किया जाएगा। निगम परिसर मंनोरजन खरीदारी के लिए निगम के सामने स्थित ग्राउण्ड में झूले तथा दक्षिण एवं पीछे के ग्राउण्ड में खाने पीने एवं विभिन्न उत्पादों की दुकानें लगवाई है। पूरे निगम प्रागंण पर विशेष आकर्षक विद्युत सज्जा की गई है। टाउनहॉल स्थित पार्किंग, श्रमजीवी कॉलेज, आरसीए लिंक रोड़ एवं कस्तुरबा मातृ मन्दिर में निशुल्क पार्किंग की गई है। सुरक्षा की दृष्टि से महिला गार्ड व महिला पुलिस भी आयोजन स्थल पर मौजूद रहेगी। दीपावली मेला आयोजन के लिए निगम द्वारा दुर्घटना बीमा भी करवाया है।

#### एलिवेटेड़ रोड़ का सामान हटवाया

नगर निगम के सामने वर्तमान में एलिवेटेड़ रोड़ का काम चल रहा है और निर्माण कंपनी ने अवरोध लगा रखे है। मेले को देखते हुए आयुक्त ने कंपनी को जल्द से जल्द निर्माण करने के निर्देश दिए थे, जिस पर कंपनी ने निगम के सामने की ओर पिलर खड़े कर दिए है। इसके साथ ही कंपनी द्वारा लगाए गए अवरोधकों को हटा दिया गया, जिससे सड़क पुनः चौड़ी हो गई है।

## वसुन्धरा की कुछ लोगों से खास चर्चा से भाजपा नेताओ की आंखें खुली, लगाए जा रहे हैं कयास

### एयरपोर्ट के वेटिंग रूम में भाजपा के चार नेताओं से राजे ने की थी विशेष चर्चा

#### नई राजनीतिक हलचल से जोड़कर देखा जा रहा है इस चर्चा को



**उदयपुर. नगर संवाददाता |** पूर्व सीएम वसुन्धरा राजे के एयरपोर्ट पर कुछ भाजपा नेताओं से खास चर्चा करना भाजपा में एक नई राजनीतिक हलचल को जन्म देता हुआ नजर आ रहा है। राजे ने एयरपोर्ट पर शहर और देहात के भाजपा नेताओं से अलग से चर्चा की और यह चर्चा करीब आधे घंटे से भी अधिक समय तक चली। इस दौरान मात्र चार नेता ही एयरपोर्ट में इस चर्चा में मौजूद रहे थे।

पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसुंधरा राजे सिंधिया ने एयरपोर्ट पर के वेटिंग रूम में हुई एक बंद कमरे में भाजपा नेताओं से की चर्चा के फोटो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद भाजपा शहर और देहात नेताओं के लिए चर्चाओं का कारण बन गई है। राजे ने एयरपोर्ट वेटिंग रूम में करीब आधा घंटे तक भाजपा नेताओं रणधीर सिंह भींडर, दीपेंद्र कुंवर, अतुल चंडालिया और लक्ष्मण सिंह झाला से लंबी बातचीत की। हालांकि यह बताया जा रहा है कि यह मुलाकात अचानक तय हुई थी। हुआं यू कि राजे के वेटिंग रूम में आते ही उन्होंने जैसे ही चारों नेताओं को देखा तो इनके साथ बंद कमरे में चर्चा करनी शुरू कर दी। यह देखकर नए समीकरणों पर भी बातें होने लगी है। यूं तो पूर्व विधायक रणधीर सिंह भींडर और उनकी पत्नी लंबे समय से वसुंधरा के काफी करीबों में गिने जाते है और लक्ष्मण सिंह झाला के भी सिंधिया से मधुर संबंध रहे हैं। इसमें अतुल चंडालिया से भी चर्चा करना नए समीकरणों की ओर ईशारा हो रहा है।

#### क्या भविष्य होगा इस चर्चा का

यूं तो अतुल चंडालिया पूर्व गृहमंत्री और पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया के रिश्तेदार हैं और लम्बे समय से शहर भाजपा में उपेक्षा का शिकार हो रहे है। ऐसे में राजे का उनसे भी काफी समय तक अलग चर्चा करना यह माना जा रहा है कि उपरी स्तर पर अच्छी बोडिंग हो चुकी है और पंजाब भी चाहता है कि चंडालिया को नई जिम्मेदारी मिले।

#### राजे का कद बढ़ेगा !

हाल में ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बांसवाड़ा यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने मंच पर ही पूर्व मुख्यमंत्री वसुन्धरा राजे से काफी देर तक चर्चा की थी। ऐसे में राजनीतिक क्षेत्रों में यह आंकलन लगाया जा रहा है कि भाजपा में राजे का कद ओर मजबूत होने जा रहा है और यदि राजे का कद मजबूत होता है तो इसका निश्चित फायदा उन लोगों को भी होगा जो उनके खास है।

### विषाक्त सेवन से विवाहिता की मौत

**उदयपुर।** जिले के खेरवाड़ा थाना क्षेत्र में एक विवाहिता मीना (31) पत्नी प्रकाशचंद्र पटेल निवासी छाणी खेरवाड़ा पिछले कुछ समय से मानसिक अवसाद में चल रही थी। इसी अवसाद के चलते उसने गत 4 अक्टूबर को विषाक्त गोलियां खा ली, जिसे अचेतावस्था में शहर के एक निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया, जहां बुधवार दोपहर को उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतका का विवाह करीब 14 वर्ष पूर्व हुआ था। वहीं पहाड़ा निवासी लोकेश पुत्र मणिलाल की रिपोर्ट पर एएसआई राकेश मेहता ने मामला दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया।

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि मेरी व्यवहारीया श्रीमती शर्मिली पत्नी स्व. श्री अनिल त्रिवेदी, निवासी प्लोट नम्बर 110, प्रियदर्शन नगर, बेदला, उदयपुर हाल निवासी-59, पदमावती महाप्रज्ञ विहार, सेलीब्रेशन मॉल के पीछे, भुवाणा, उदयपुर का पुत्र अंश त्रिवेदी जो कि विवाहित होकर पिछले करीब 6 वर्ष से मेरी व्यवहारीया के कहने में नहीं होकर पिछले 5 वर्ष से मेरी व्यवहारीया से पृथक निवास करते हुए अपने पारिवारिक प्रबन्धन के विपरित कार्य कर रहा है जिससे मेरी व्यवहारीया अपने उक्त पुत्र व उसके उत्तरजीवियों से अपने समस्त संबंध समाप्त कर लिये हैं एवं अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करती है। लिहाजा कोई भी व्यक्ति, संस्था, बैक मेरी व्यवहारीया के उक्त पुत्र अंश त्रिवेदी से किसी भी प्रकार का कोई संव्यवहार सम्पन्न नहीं करे, पूर्व में किया गया एवं भविष्य में किया जाने वाला संव्यवहार कर्ता स्वयं के जोखिमों पर होगा। सो सूचित रहे।

स्थान : उदयपुर — जय प्रकाश पूर्बिया

दिनांक : 08/10/2025 — एडवोकेट

पूर्बिया का मोहल्ला, कमलेश्वर महादेव मंदिर के पास, खेमली स्टेशन, खेमली तह. घासा जिला उदयपुर, मो. 8058115195

**Rajasthan State Road Development And Construction Corporation Ltd., JAIPUR**

No. NIT/2025-26/22157-68 — निविदा सूचना/2025-26 — Date: 08.10.2025

निम्नलिखित कार्यों के लिए केन्द्र/राज्य सरकार के अभियांत्रिकी विभागों एवं उनके अधिकृत संगठनों में पंजीकृत एवं अनुभवी संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है :-

| कार्य का विवरण | कार्य की कुल अनुमानित लागत (रु.) | निविदा सूचना संख्या |
|---|---|---|
| P&F Modular Kitchen and Wardrobes at Judicial Quarters, Udaipur **UBN: RRC2526WSOB00768** | 38.00 Lakh | ई-419/25-26 |
| Repair and Maintenance work on Dabok-Mavli-Kapasan-Chittorgarh BOT Road. **UBN: RRC2526WSOB00769** | 34.64 Lakh | |
| Remaining Air Conditioning work for Court Complex at District Head Quarters, Sri Ganganagar. **UBN: RRC2526WSOB00776** | 95.27 Lakh | ई-421/25-26 |
| Internal Electric work in Development work at Shri Khatu Shyam Ji Temple, Sikar. **UBN: RRC2526WSOB00777** | 56.93 Lakh | अल्पकालीन ई-422/25-26 |

निविदा से सम्बन्धित प्रपत्र में निविदा शुल्क, धरोहर राशि, डाउनलोड करने व खोलने की तारीख सहित सम्पूर्ण विवरण एवं संशोधन वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.nic.in तथा http://pwd.rajasthan.gov.in/rsrdc पर देखा जा सकता है। इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है। महाप्रबंधक

**राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय, किशनगढ़**

nirf Rank - 89 (University Category) Rank - 27 (Pharmacy Category)

नैक द्वारा ग्रेड A++ मान्यता प्राप्त

यूजीसी द्वारा श्रेणी-I विश्वविद्यालय का दर्जा

शीर्ष 100 विश्वविद्यालयों में शामिल

सीयूराज/आर/एफ.169/अकाद./2025/2321 — दिनांक: 07.10.2025

**ADMISSION**

**Against VACANT SEATS**

**शैक्षणिक वर्ष 2025-26**

*Your next chance to build a Bright Future*

अधिक जानकारी के लिए : www.curaj.ac.in/acts/admission-2025-26

• Date: 10 Oct. 2025 • Time: 10:30 AM to 4:30 PM

• Venue: Hotel Aavas, Near Railway Station, Udaipur

कुलसचिव

**पीआई इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड**

Inspired by Science

सीआईएन : L24211RJ1946PLC000469

**पंजीकृत कार्यालय:** उदयसागर रोड, उदयपुर-313001 (राजस्थान)

**कॉर्पोरेट कार्यालय:** पाँचवीं मंज़िल, विपुल स्क्वायर, बी-ब्लॉक, सुशांत लोक, फेज़-I, गुरुग्राम-122009, यूनिट संख्या 3ए, पहली मंज़िल, द ओआरबी, सीटीएस संख्या 1483डी, आईए प्रोजैक्ट रोड, जेडब्ल्यू मैरियट होटल के साथ में, सहार, गाँव मरोल, तालुका, अंधेरी (पूर्व), मुंबई 400099, महाराष्ट्र

**ईमेल आईडी:** investor@piind.com, **वैबसाइट:** www.piindustries.com

**फोन:** 0124-6790000, **फैक्स:** 0124-4081247

**शेयरधारकों को सूचना**

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ('सेबी') ने अपने परिपत्र संख्या सेबी/एचओ/एमआईआरएसडी/एमआईआरएसडी-पीओडी/पी/सीआईआर/2025/97 दिनांक 02 जुलाई, 2025 के माध्यम से कंपनियों द्वारा 01 अप्रैल, 2019 की समय सीमा से पहले दर्ज किए गए भौतिक शेयरों के हस्तांतरण अनुरोधों को फिर से दर्ज करने की सुविधा के लिए एक विशेष विंडो खोलने की अनुमति दी है, जिन्हें दस्तावेज़ों या प्रक्रिया में कमी के कारण अस्वीकार/वापस कर दिया गए/उन पर ध्यान नहीं दिया गया।

| मुख्य विवरण | |
|---|---|
| पुनः दाखिल करने की अवधि | **7 जुलाई, 2025 से 6 जनवरी, 2026** |
| स्थानांतरण अनुरोध कौन पुनः दाखिल कर सकता है? | वे निवेशक जिनके स्थानांतरण विलेख 1 अप्रैल, 2019 से पहले दाखिल किए गए थे और दस्तावेज़ों या प्रक्रिया में कमी के कारण अस्वीकार/वापस कर दिए गए/उन पर ध्यान नहीं दिया गया। |
| स्थानांतरण अनुरोध पुनः कैसे दाखिल करें? | मूल स्थानांतरण दस्तावेज़, संशोधित या छूटे हुए विवरणों के साथ, रजिस्ट्रार और शेयर हस्तांतरण एजेंट, केफिन टैक्नोलॉजीज़ लिमिटेड ('केफिन') को जमा करें। डाक पता: सेलेनियम टावर बी, प्लॉट संख्या 31 और 32, फाईनैंशियल डिस्ट्रिक्ट, नानकरामगुडा, सेरिलिंगमपल्ली, हैदराबाद, तेलंगाना - 500032; टोल फ्री नं.: 1800 309 4001; ईमेल: einward.ris@kfintech.com; किसी भी अतिरिक्त सहायता के लिए, शेयरधारक कंपनी से investor@piind.com पर संपर्क कर सकते हैं। |

**हस्तांतरण के लिए पुनः जमा किए गए शेयर केवल डीमैट मोड में जारी किए जाएंगे।**

कृते **पीआई इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड**

हस्ता/-

**श्रुति जोशी**

**कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी**

स्थान : मुम्बई

दिनांक : 08.10.2025

### वृद्ध मां-बेटे पर किया हमला, मां का पांव तोड़ा

**उदयपुर. नगर संवाददाता |** शहर के सुखेर थाना क्षेत्र में एक वृद्ध ने कुछ लोगों के खिलाफ आपसी विवाद में घर में घुसकर हमला करने और बीच-बचाव में आई उसकी 80 वर्षीय मां पर के साथ भी मारपीट कर घायल करने का मामला दर्ज करवाया है। पुलिस के अनुसार सोहनलाल पुत्र नानाजी गमेती निवासी रानवाडिया भुवाणा सुखेर ने रोडीलाल पुत्र कूका गमेती, वक्तीराम पुत्र कूकाजी गमेती, विजय पुत्र लेहरूलाल गमेती, प्रेम पुत्र कूकाजी गमेती, मोहनी पत्नी रोडीलाल गमेती, पुष्पा पत्नी वक्तीराम गमेती, रेखा पुत्री प्रेम गमेती, नीरमा पुत्री वक्तीराम गमेती, पुजा पुत्री रोडीलाल गमेती निवासी रानवडिया भुवाणा के खिलाफ मामला दर्ज करवाया कि 6 अक्टूबर को सुबह 7 बजे वह अपने घर पर था कि इतने सभी आरोपी लट्ठ एवं पत्थरों से लैस होकर आए एवं घर में घुसकर तोडफोड की एवं उसे घसीटते हुए फाटक के बाहर लेकर आए और मारपीट की। यह देखकर उसकी माता जीवली बाई बीच-बचाव करने आई तो रोडीलाल ने लट्ठ से उसकी माता के उपर वार किया, जिससे उसकी मां का पांव टूट गया और वह बेहोश हो गई। आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी। हल्ला होने पर आस-पास के लोग आ गए तो आरोपी फरार हो गए।

## महिला की मौत पर चढ़ोतरा कर घरों में आगजनी करने में 11 गिरफ्तार

### सांस की बीमारी से पीड़ित महिला की हुई थी मौत, पीहर पक्ष ने किया था चढ़ोतरा



**उदयपुर. नगर संवाददाता |** जिले की बेकरिया थाना पुलिस ने एक महिला की मौत पर उसके पीहर पक्ष द्वारा मौताणे की मांग को लेकर चढ़ोतरा कर घरों मे आगजनी करने में 11 लोगों को गिरफ्तार कर चार बाल अपचारियों को डिटेन किया है। मामले में चार महिलाएं भी शामिल है। घटना के दौरान पीड़ित पक्ष जंगलों में भाग गया था।

थानाधिकारी उत्तम सिंह ने बताया कि भूरी बाई पत्नी सोमाराम निवासी जाबुआ का खुणा चापा की नाल बेकरिया जो सांस की बीमारी से ग्रसित थी और करीब एक माह पर खेत पर काम करने के दौरान मर गई थी। इसको लेकर पीहर पक्ष मौताणा मांग रहा था और नहीं देने पर चढ़ोतरा कर दिया। मृतका के पति सोमाराम पुत्र नगाराम निवासी जाबुआ का खुणाचापा की नाल बेकरिया ने ने मामला दर्ज करवाया कि मृतका की मौत के दौरान से ससुराल पक्ष वाले उससे मौताणे की मांग कर रहे थे। उस समय 1.50 लाख रूपये मांगे थे, उसकेक पास नहीं थे तो नही दिए तब से उसके ससुराल वाले अमरा राम उससे मौताणे की मांग कर रहे थे। 7 अक्टूबर को सुबह 6 बजे उसके ससुराल से 15-20 व्यक्ति चढोतरा कर आए जिससे अमराराम पुत्र अणदाराम, विशाराम पुत्र धीराजी, दिनेश पुत्र अमरराम, अर्जुन पुत्र मेघा, रणसा पुत्र अणदाजी, कालूराम पुत्र विशाराम, रमेश पुत्र रणसाजी, राकेश पुत्र जोशी, तेजाराम पुत्र कालू, हंसाराम पुत्र अमरराम गरासिया निवासी मोटाल सिरोही व रतन पुत्र पन्ना गरासिया पावटी कलां व केशी पत्नी अमरराम, मोहनी पत्नी जोगाराम, चंपा पत्नी रणसाराम, चेलू पत्नी नेनाराम गरासिया निवासी मोटाल सिरोही के साथ अन्य लोग लाठियां, कुल्हाडियां व बंदूक लेकर आए और जान से मारने के लिए हमला बोला। तब उसका पूरा परिवार घर से जंगलों में भाग गया तो पीछे से इन लोगो ने घरों में आग लगा दी और तोड़-फोड की। आरोपियों ने उसके भाई कुशाराम, धरमाराम, चमनाराम व भतीजे रमेश के भी घरो में आग लगाकर तोड़-फोड कर दी। घरों में से कई सामान चुराकर लेकर गए। सोलर की बैट्रीया चोरी कर लेकर गए। घरेलू सामान गेहूं, मक्की वो भी जला दी, जिससे नुकसान हुआ है। हंगामा तोड़फोड़ करने के बाद ये लोग वहां से चले गए तब वे आए और आग को बुझाया। इस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर थानाधिकारी के नेतृत्व में हैड कांस्टेबल कालूलाल, प्रभुलाल, कांस्टेबल जोधाराम, उम्मेदाराम, हिमांशु, पुष्कर, पंकज, हेमंत, पुष्पराज, लव कुमार, लोकेश कुमार, सीताराम, मेहराराम की टीम ने जांच करते हुए इस प्रकरण में रणसाराम पुत्र अणदाराम गरासिया, विसाराम पुत्र धीराराम गरासिया, .अमराराम पुत्र अणदाराम गरासिया, दिनेश पुत्र अमराराम गरासिया, कालूराम पुत्र विसाराम गरासिया, तेजाराम पुत्र कालूराम गरासिया, केसी देवी पत्नी अमराराम गरासिया, चेलु उर्फ सनूरी देवी पत्नी नेनाराम गरासिया, चंपा देवी पत्नी रणछाराम गरासिया, मोहनी उर्फ मानी देवी पत्नी जोगाराम गरासिया निवासी मोटाल राजपुरा सिरोही और रताराम पुत्र पेनाराम गरासिया निवासी पावटी कलां बेकरिया को गिरफ्तार किया। मामले में पुलिस ने तीन बाल अपचारियों को भी डिटेन किया है।